समाचार

# परसाभांठा नानवेज मार्केट की सुधरेगी दशा, व्यवस्थाएं दुरूस्त कर शिफ्ट की जाएंगी नानवेज की दुकानें, खुले में नहीं होगा अब नानवेज का विक्रय

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बालको जोन के परसाभांठा, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों का किया दौरा, देखी समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश )**

**( जनसमस्याओं के समुचित निदान हेतु सड़क, नाली, कलवर्ट, उद्यान आदि के निर्माण के तैयार होंगे प्रस्ताव, आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश )**



कोरबा 05 अगस्त 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोन अंतर्गत स्थित परसाभांठा नानवेज मार्केट भवन की दशा तत्काल सुधरेगी, वहॉ की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर बाहर खुले में लगने वाली नानवेज की दुकानों को वहॉ पर शिफ्ट किया जाएगा, अब खुले में सड़क के किनारे नानवेज की दुकानें नहीं लगेंगी एवं खुले में मांस मछली का विक्रय नहीं किया जाएगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने परसाभांठा बाजार स्थित नानवेज मार्केट की बिल्डिंग का निरीक्षण किया, वहॉ पर आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कर बाहर खुले में लगने वाली नानवेज दुकानों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित शहर भ्रमण के दौरान प्रातः 7.30 बजे बालको नगर पहुंचे, उन्होने बालको के परसाभांठा, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों का

पैदल व स्कूटर से भ्रमण कर वहॉ की समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं का जायजा लिया एवं समस्याओं के तत्काल निराकरण के साथ–साथ जनआवश्यकता के मद्देनजर आवश्यक विकास व निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने परसाभांठा बाजार स्थित निगम के नानवेज मार्केट भवन का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने नानवेज मार्केट में मरम्मत व सुधार कार्य कर व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर वहॉ खुले में लगने वाली नानवेज दुकानों की शिफ्टिंग किए जाने एवं शिफ्टिंग का यह कार्य 15 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित कर लिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अब 15 अगस्त के बाद शहर में सड़क के किनारे खुले में नानवेज का विक्रय नहीं किया जा सकेगा।

**जनसमस्याएं दूर करने, आवश्यक निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार करें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने नेहरूनगर कैलाशनगर सहित अन्य बस्तियों में भ्रमण के दौरान एस.एल.आर.एम.सेंटर के समीप नाली के निर्माण, स्लैब के निर्माण व पूर्व निर्मित नाले को कवर्ड करने के निर्देश दिए। वहीं कैलाशनगर बस्ती में नाली निर्माण, सड़क का चौड़ीकरण व पेवर ब्लाक लगाने, नेहरूनगर मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे स्थित शासकीय भूमि पर उद्यान के निर्माण, वहॉ पर स्थित सार्वजनिक शेड का मरम्मत सुधार व पेटिंग किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कैलाशनगर उचित मूल्य की दुकान के सामने आम रास्ता पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**एस.एल.आर.एम.सेंटर की अव्यवस्था पर हुए नाराज** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने नेहरूनगर स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया, वहॉ पर व्याप्त अव्यवस्था पर उन्होने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा सेंटर सुपरवाईजर को कड़ी हिदायत दी कि वे 03 दिवस के अंदर सेंटर की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें तथा सेंटर में कचरे के प्रबंधन एवं वहॉ पर संचालित गतिविधियों में आवश्यक सुधार लाएं अन्यथा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने सेंटर में खड़े सफाई रिक्शें की तत्काल मरम्मत कराए जाने एवं सेंटर के बाहरी व भीतरी सभी व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**स्वच्छता कार्यो का जायजा, स्वच्छता दीदियों के कार्यो की मौके पर समीक्षा** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय परसाभांठा बाजार एवं बस्ती, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों व मोहल्ले की सकरी गलियों में पैदल व स्कूटी से पहुंचकर वहॉ किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो व डोर–टू– डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य हेतु बस्तियों में पहुंची स्वच्छता दीदियों के कार्यो की मौके पर ही समीक्षा की, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो, उनका कार्य क्षेत्र एवं उनके द्वारा संधारित दस्तावेजों व पंजियों का निरीक्षण किया, साथ ही उनके द्वारा सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक लिया जा रहा है या नहीं तथा इस हेतु वे बस्ती के लोगों को प्रेरित कर रही हैं या नहीं आदि की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, पार्षद व नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा व एम. एल.बरेठ, उप जोन प्रभारी संजय सिंह ठाकुर, देवव्रत आदित्य, संतोष साहू, अवधराम लहरे, रामकुमार राठौर आदि के साथ जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।